हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री



12 एग्रीस्टैक पोर्टल में शत-प्रतिशत किसान...


12 शांत्रीबाई महाविद्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
10 जुलाई 2026
कूपन नं. 7

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

# मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के लिए शहर में नहीं कोई शासकीय भवन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हर वर्ष की भांति मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक मानकों का जमीनी स्तर पर सत्यापन एनएमसी की टीम ने लिया तो यहां की कमियों के चलते इसका सीधा असर नए सत्र की मान्यता पर असर पड़ सकता है। दरअसल, फैकल्टी की कमी और नए सत्र में आने वाले 125 छात्रों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था नहीं हो पाई है। वहीं नए कॉलेज के हॉस्टल में अब तक बिजली की व्यवस्था भी नही हो पाई है।

उल्लेखनीय है कि मेडिकल कॉलेज में प्रतिवर्ष एनएमसी की टीम भौतिक या ऑनलाइन जांच करती है। शैक्षणिक मानकों का जमीनी स्तर पर सत्यापन किया जाता है। जिसमें हॉस्टल, फैकल्टी, प्रयोगशालाएं और उपकरण आदि की जांच की जाती है। मेकाहम में प्राध्यापकों के लिए कुल 24 स्वीकृत पदों में सात पद भरे हुए हैं और 17 पद रिक्त हैं। सह प्राध्यापकों के 33 कुल पद हैं। 20 पद भरे हुए हैं और 13 पद रिक्त हैं। सहायक प्राध्यापक के 46 कुल पद हैं और 20 पद भरे हुए हैं और 26 पद रिक्त हैं। सीनियर रेजिडेंट के लिए 44 कुल पद हैं और 19 पद भरे हुए हैं और 25 पद रिक्त हैं। प्रदर्शक के कुल पद 26 हैं, 18 पद भरे हुए हैं और कुल रिक्त 8 हैं। लंबे समय से शासन को पदों की भर्ती के लिए पत्र लिखा जा रहा है, लेकिन नियुक्ति नहीं की जा रही है। मेडिकल कॉलेज में नए छात्र आएंगे तो फैकल्टी पर दबाव बढ़ेगा।

नए सत्र में लगभग 125 छात्र आएंगे। शहर में हॉस्टल के लिए अब जगह नहीं बची है। अधिकांश शासकीय भवनें अधिग्रहण की जा चुकी हैं। वन विभाग के हॉस्टल की अनुमति वन विभाग ने नहीं दी। इस कारण मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल को शुरू करने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक बिजली उपकेंद्र मेडिकल कॉलेज परिसर में शुरू नहीं हुआ है। इस कारण छात्रों को नए हॉस्टल के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।

## नए कॉलेज के हॉस्टल में अब तक नहीं हुई बिजली की व्यवस्था भी

### सुझावों पर अब तक नहीं हुआ अमल

हर साल एनएमसी की टीम दौरा करती है और सुझाव भी दिए जाते हैं, लेकिन सुझावों पर अमल नहीं हो रहा है। दूर-दराज से मरीज महासमुंद आते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाएं भी मरीजों को नहीं मिल पा रही हैं। इससे छात्रों की मेडिकल पढ़ाई पर भी असर पड़ता है। प्रायोगिक पढ़ाई प्रभावित होती है।



### ऑनलाइन मानिटरिंग

मेडिकल कॉलेज के प्रो. अलख राम वर्मा ने बताया कि एनएमसी की टीम के द्वारा ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सकती है। प्रमोशन के तहत भर्ती की जा रही है। एक रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की तैयारी चल रही है। एक अन्य पद पर भी भर्ती हुई है। अगले सत्र के लिए मान्यता मिलने की उम्मीद है। व्यवस्था सुधारने प्रयास किया जा रहा है।

## कार्रवाई : चार माह पूर्व ओडिशा में दी गई दबिश के दौरान भाग निकला था आरोपी

# गांजा जब्ती के दौरान भागा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने गांजा जब्ती के मामले में एक आरोपी को तमिलनाडू से गिरफ्तार किया है। बता दें कि 04 माह पूर्व ओडिशा में दी गई दबिश के दौरान आरोपी भाग निकला था और तमिलनाडू व अन्य स्थानों पर छिप कर रह रहा था। थाना खल्लारी एवं सायबर टीम के द्वारा टेक्निकल एनालिसिस कर आरोपी के ठिकाने की तलाश की और तमिलनाडू से गिरफ्तार कर आरोपी को ट्रांजिट रिमांड में महासमुंद लाया गया।

पुलिस ने मामले को लेकर बताया कि 17/02/2026 को मोटर सायकल ओडी 03 एबी 3511 में दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर खरियार रोड ओडिसा से खल्लारी की ओर आ रहे थे। जिन पर कार्रवाई 09 पैकेट में कुल 23 किलो 790 ग्राम कीमत करीबन 12,00,000 रुपए को बरामद किया गया। इस दौरान आरोपी अभिषेक यादव पिता दिलीप यादव (22 वर्ष) निवासी डेली फार्म अंजोरा थाना अंजोरा जिला दुर्ग (छ.ग.) व दीपक चंदन पिता राजकुमार चंदन (22 वर्ष) निवासी ग्राम कोहका थाना सुपेला जिला दुर्ग को गिरफ्तार किया गया



प्रकरण में सोर्स से लेकर डिस्टिनेशन पॉइंट तक एंड टू एंड कार्रवाई के तहत आरोपियों के मेमोरेंडम, साक्ष्यों के आधार पर गांजा उपलब्ध कराने वाला बसंता सुना पिता लछी सुना (30 वर्ष) निवासी ग्राम भरूवामुंडा थाना बेलपड़ा जिला बलांगीर (ओड़िसा) हाल निवास-कली कुमार शामी कोविल ट्रस्ट ग्राम बीरापंडी थाना वीरापंडी जिला तिरूपुर सिटी (तमिलनाडु) जो कि प्रकरण में संलिप्त व आरोपी है, की खोजबीन की जा रही थी।तकनीकी टीम की मदद से आरोपी बसंता सुना के मोबाईल नंबर लोकेशन के आधार पर टीम रवाना कर 1700 किलोमीटर दूर कली कुमार शामी कोविल ट्रस्ट ग्राम वीरापंडी थाना वीरापंडी जिला तिरूपुर सिटी तमिलनाडु में दबिश देकर आरोपी बसंता सुना को दबोचा गया। आरोपी को कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट न्यायालय महासमुंद छत्तीसगढ़ के समक्ष पेश किया गया।




## गांजा लेकर बस का इंतजार कर रहे तीन लोग गिरफ्तार

**महासमुंद**। गांजा का अवैध परिवहन कर रहे तीन लोगों को सिंघोड़ा पुलिस ने बस का इंतजार करने के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को कब्जे से दस किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि 8 जुलाई को सूचना मिली कि तीन व्यक्ति दो बैगों में गांजा रखकर NH53 रोड ग्राम रेहटीखोल के पास बस का इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदेहियों से पूछताछ की। जिस पर उन्होंने अपने नाम राकेश उर्फ राजू सिंह पिता हरिश चंद्र सिंह (50 साल) सधवापुर थाना खखरेडो जिला फतेहपुर उप्र, विकास कुमार तिवारी पिता अवध नारायण तिवारी (26 साल) मोहला चंदवारी गाड़् थाना मनेंद्रगढ जिला कोरिया छग हाल मुकाम वार्ड नंबर 04 अवंति विहार रायपुर, सतेंद्र कुमार निर्मल पिता पीतांबर लाल निर्मल (24 साल) पैंसा थाना पैंसा जिला फतेहपुर उप्र बताए। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपीयों के संयुक्त कब्जे से दो मेहरून कलर के बैग क्रमांक 1 में 05 पैकेट 5.200 किलोग्राम कीमत 2,60,000 रुपएव बैग क्रमांक 02- में 5 पैकेट 5.180 किलोग्राम कीमत 2,59,000 रुपए को बरामद किया। आरोपियों ने उक्त गांजा को बलांगीर ओडिशा से फतेहपुर उत्तर प्रदेश स्वयं की बिक्री के लिए ले जाना बताया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी)(ii)(बी), नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## भागवत प्रवचनकर्ता के घर से डेढ़ लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम मुड़ागांव में भागवत प्रवचनकर्ता के घर से डेढ़ लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर व सामान चोरी के मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम मुड़ागांव निवासी व भागवत प्रवचनकर्ता रोशन दास वैष्णव 08 जुलाई की सुबह सुबह लगभग 10 बजे घर में ताला लगाकर अपनी पत्नी महेश्वरी वैष्णेव के साथ पैदल मोहन राजपूत के बोर के पास गए थे। कुछ देर बाद उसकी पत्नी घर गई और वापस आकर बताया कि घर के दरवाजे में लगे ताला को किसी अज्ञात चोर ने तोड़कर कमरे के अंदर आलमारी के लाकर में रखे सोने-चांदी के आभूषण (02 नग हार, 05 नग सोने की पत्ती , 05 नग कान की बाली, 06 नग सोने की दुर्गा मूर्ति, 02 नग सोने के टॉप्स , 03 नग सोने की फुली, 03 जोडी चांदी का पायल, 03 जोड़ी चांदी की बिछिया, 01 नग चांदी का शिवलिंग, 01 नग चांदी का मंगलसूत्र, 01 नग चांदी की गौमाता) अनुमानित कीमत लगभग 150000 रुपए को चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम बेलसोंडा में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बेलसोंडा के पारधीपारा में रहन वाली ममता पारधी के साथ पुरानी रंजिश को लेकर 7 जुलाई को पवन पारधी, नकुल पारधी और रंजीत पारधी गाली गलौज किया। इस दौरान पवन पारधी ने महिला को जान से मारने की धमकी देकर पास में पडे पत्थर के टुकड़े से मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### जीजा ने साले पर किया जानलेवा हमला

**महासमुंद**। ग्राम बिरकोनी में चाकू से अपने साले पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी जीजा के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बिरकोनी निवासी भारती मन्नाडे ने एफआईआर दर्ज कराई है कि 6 जुलाई की रात उसके पति करन मन्नाडे ने शराब पीकर उसके साथ मारपीट की, जिसकी सूचना उसने अपने भाई शिवकुमार कोठरिया को दी। काफी देर तक विवाद करने बाद उसका पति महिला और उसके बच्चों को मोटर सायकल में बिठाकर बिरकोनी पेट्रोल पंप के पास लेकर आया। इसके बाद रात्रि करीबन 10 बजे महिला के भाई शिवकुमार कोठरिया एवं जीजा अश्वनी कुमार कोसले आये, जिसे देखते ही आरोपी करन मन्नाडे ने गुस्से में आकर अपने पास रखे चाकू से शिवकुमार कोठरिया पर प्राण घातक हमला कर दिया, बीचबचाव के दौरान महिला के हाथ में भी चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 109(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# जंगल में जुआ खेल रहे पांच लोग गिरफ्तार फरार हो गए आठ लोगों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिथौरा पुलिस ने डोगरीपाली जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान आठ आरोपी फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोटरसाइकिल, मोबाइल, नगदी रकम सहित कुल 5 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त की है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगुढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, छोटे संगठित अपराध की धारा 112, बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस ने बताया कि 08 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिली कि कामाख्या मंदिर डोगरीपाली के आगे पहाड़ी के नीचे जंगल में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पिथौरा पुलिस की टीम द्वारा मौके पर छापामार कार्रवाई की गई। मौके पर सजे जुआ फड़ से अमोल मानिकपुरी पिता किशनदास मानिकपुरी (36 वर्ष) निवासी टप्पासेवैया थाना पिथौरा, राकेश मरावी पिता शत्रुहन मरावी (28 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 02 रावणभाठा थाना पिथौरा जिला महासमुंद, उत्तम पाडे पिता उज्जल पाडे (30 वर्ष) निवासी वार्ड नं 05 पिथौरा थाना पिथौरा जिला महासमुंद, रोहित कुम्हार पिता नित्यानंद कुम्हार (22 वर्ष) निवासी कुंडा थाना आताबीरा जिला बरगढ, हाल पता भगतदेवरी थाना सांकरा जिला महासमुंद और सदानंद यादव पिता समारू यादव (35 वर्ष) निवासी पाटनदादर थाना सांकरा जिला महासमुंद को पकड़ा गया। जिनके पास से 05 नग मोबाइल जुमला कीमत 50,000, 9 नग मोटर सायकल जुमला कीमत 4,50,000 रुपए, नगदी रकम 4600 रुपए, 1 सेट 52 पत्ती ताश सहित जुमला कीमत 5,04,600 रुपए को जब्त किया गया। पुलिस की भनक लगते ही जुआं के फड से फरार आरोपी फरीद खान निवासी लाखागढ, मनोज साहू निवासी टप्पासेवैया, रोशन निवासी टप्पासेवैया, छोटू खान निवासी कोकोभाठा, कृष्णा नायक निवासी पाटनदादर, सूरज तांडी निवासी भगतदेवरी, कंटतरू निवासी लहरौद, हेमंत ठाकुर निवासी लहरौद की खोजबीन की जा रही है। मामला अजमानजीय होने से गिरफ्तार आरोपियों को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।



# पुलिस का विशेष अभियान, सौ से भी ज्यादा वारंटी गिरफ्तार

### चेक बाउंस के मामलों के 7 वारंटी की भी हुई तामिली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अपराध नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु, लंबे समय से फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए जिला पुलिस महासमुंद द्वारा दिनांक 03 जून से 08 जून तक 06 दिवस विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत संपूर्ण जिले में 29 स्थायी वारंटी और 121 गिरफ्तारी वारंट सहित कुल 150 वारंटों को निष्पादन किया गया है। उक्त वारंटो में स्थानीय न्यायालयों एवं दीगर जिलों के न्यायालय से प्राप्त वारंट शामिल हैं। तामीलशुदा स्थायी वारंटियों में आबकारी एक्ट- 12 तथा अन्य (गाली-गलौच मारपीट)-05, एनआईए-07, दुर्घटना-03, चोरी-01, महिला संबंधी अपराध 01 के मामलों में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कुल 29 स्थायी वारंट, 121 गिरफ्तारी वारंटियों को विधिवत संबंधित न्यायालयों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जिसके तहत महासमुंद अनुविभाग- थाना कोतवाली से गिरफ्तारी वारंट-05, थाना तुमगांव से गिरफ्तारी वारंट-11 तथा थाना खल्लारी से स्थाई वारंट-02 एवं गिरफ्तारी वारंट-05 की तामीली की गई है। बागबाहरा अनुविभाग- थाना बागबाहरा से स्थाई वारंट-12 तथा गिरफ्तारी वारंट-09, थाना कोमाखान स्गिरफ्तारी वारंट-09,थाना तेंदूकोना- 01स्थाई वारंट एवं गिरफ्तारी 07 वारंट की तामीली की गई है। पिथौरा अनुविभाग- थाना पिथौरा स्थाई वारंट-05 तथा गिरफ्तारी वारंट-16, थाना सांकरा से स्थाई वारंट-02 तथा गिरफ्तारी वारंट-10, पटेवा से स्थाई वारंट-01 की तामीली की गई है।

सरायपाली अनुविभाग- थाना बसना से स्थाई वारंट-03 तथा गिरफ्तारी वारंट-16, थाना सरायपाली से स्थाई वारंट-02तथा गिरफ्तारी वारंट-05 तथा थाना सिंघोड़ा-स्थाई वारंट-01 तथा गिरफ्तारी वारंट-26, बलौदा से 02 गिरफ्तारी वारंट तामिल, इस प्रकार से अभियान अवधि में कुल स्थाई वारंट-29 तथा गिरफ्तारी वारंट-121 की तामीली की गई है। न्यायालयों द्वारा जारी स्थायी/ गिरफ्तारी/ जमानती वारंटों और समनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने फरार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया है।

## पुराने डंपिंग यार्ड में बायो-मेडिकल अपशिष्ट फेंके जाने पर नपाध्यक्ष ने जताई नाराजगी

# मणिकंचन सेंटर के डंपिंग यार्ड में जिला अस्पताल का बायो मेडिकल वेस्ट डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल का बायो मेडिकल वेस्ट नगर पालिका के तुमाडबरी स्थित मणिकंचन (एसएलआरएम) सेंटर के डंपिंग यार्ड में खुलेआम फेंके जाने की घटना जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बनाए गए बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन के कड़े नियमों का उल्लंघन के तौर पर सामने आई है। नपा कर्मचारियों के द्वारा इसका विरोध करने और कचरा खाली करने से मना करने के बाद भी कर्मचारियों ने यहां पर तीन ट्रैक्टर कचरा डंप कर दिया।

बता दें कि डंपिंग यार्ड में पड़े कचरे में सर्जिकल ग्लव्स, सिरिंज, निडल, ड्रिप सेट, बैंडेज, दवाइयों के रैपर, टेबलेट सहित बड़ी मात्रा में बायो मेडिकल वेस्ट मिला। विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह के संक्रमित कचरे को खुले में फेंकना संक्रमण फैलने का बड़ा कारण बन सकता है और यह सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के संग्रहण और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण का जिम्मा रायपुर की एसएमएस वाटर ग्रेस कंपनी को दिया गया है। बावजूद बड़ी मात्रा में बायो मेडिकल वेस्ट नगर पालिका के डंपिंग यार्ड में पहुंचना अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। घटना की जानकारी मिलने पर मंगलवार शाम नगर पालिका के सीएमओ सौरभ शर्मा मौके पर पहुंचे और वहीं से मेडिकल कॉलेज के संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. बसंत महेश्वरी से फोन पर चर्चा की। अधीक्षक ने प्रारंभिक तौर पर इसे अस्पताल का सामान्य कचरा बताया। हालांकि सीएमओ ने मौके पर मौजूद सामग्री को बायो मेडिकल वेस्ट बताते हुए इस पर आपत्ति दर्ज कराई। बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की तीन सदस्यीय टीम ने डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया।

### अधीक्षक का दावा- 'सामान्य कचरा, संक्रमण फैलाने वाली सामग्री नहीं'

संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. बसंत माहेश्वरी ने कहा कि अस्पताल से सामान्य कचरा भेजा गया था। उनके अनुसार उसमें सिरिंज, नीडल या ऐसी कोई सामग्री नहीं थी, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा हो। हालांकि डंपिंग यार्ड में मिले बायो मेडिकल वेस्ट और स्वास्थ्य विभाग की टीम के निरीक्षण के बाद अधीक्षक के दावे पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## नपाध्यक्ष ने की जांच की मांग



**महासमुंद**। मणिकंचन (एसएलआरएम) सेंटर के पुराने डंपिंग यार्ड मेंअपशिष्ट डंप किए जाने को नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने अत्यंत गंभीर एवं जनस्वास्थ्य के लिए चिंताजनक बताया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि यदि नगर पालिका के प्रभारी द्वारा विरोध किए जाने के बावजूद ऐसा किया गया है, तो यह अत्यंत आपत्तिजनक है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। अध्यक्ष ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया है कि पूरे मामले का पंचनामा तैयार कर आवश्यक साक्ष्य सुरक्षित किए जाएं तथा संबंधित अस्पताल प्रबंधन से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए प्रकरण की जानकारी जिला प्रशासन एवं अन्य सक्षम प्राधिकारियों को भेजी जाए।

## खबर संक्षेप

### प्राध्यापक करेंगे राष्ट्रीय सेवा योजना की मॉनिटरिंग

**रायपुर।** प्रदेश में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने विभिन्न जिलों में 29 अंशकालीन जिला संगठकों की नियुक्ति की गई है। संबंधित प्राध्यापकों व व्याख्याताओं को उनके वर्तमान शैक्षणिक दायित्वों के साथ-साथ आगामी 2 वर्षों के लिए जिला संगठक की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूची में राज्य के सभी प्रमुख जिलों और अंचलों को शामिल किया गया है। सभी नवनियुक्त जिला संगठकों को निर्देशित किया गया है।कि वे अपने-अपने जिलों के कलेक्टर से तत्काल संपर्क स्थापित कर 'जिला स्तरीय सलाहकार समिति' का गठन सुनिश्चित करें और नियमानुसार बैठकों का आयोजन करें। सभी संगठकों को हर महीने अपना दौरा कार्यक्रम, कार्यों का संकलित प्रतिवेदन और निरीक्षण रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में संबंधित विश्वविद्यालयीन रासेयो प्रकोष्ठ और राज्य एनएसएस प्रकोष्ठ को अनिवार्य रूप से भेजनी होगी।

### विधायकों से नटकी में आवास ना लेने अनुरोध करेगी आप

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी नकटी गांव में हुई कार्रवाई के विरोध में राज्यव्यापी अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत 8 जुलाई को प्रत्येक विधानसभा में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संबंधित विधायक से मुलाकात कर उनसे लिखित सहमति-पत्र प्राप्त करने का प्रयास करेगा कि वे गरीबों की जमीन और उजड़े हुए आशियानों पर बनने वाले प्रस्तावित विधायक निवास को स्वीकार नहीं करेंगे। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के सभी प्रदेश पदाधिकारियों सभी कार्यकर्ताओं से इस अभियान में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। पार्टी ने कहा, इस अभियान के माध्यम से यह स्पष्ट हो सकेगा कि कौन विधायक गरीबों के साथ खड़ा है और कौन सत्ता के साथ है।

**चर्चा :** किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश

# एग्रीस्टैक पोर्टल में शत-प्रतिशत किसान पंजीयन सुनिश्चित करें : कलेक्टर लंगेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- राजस्व अधिकारियों को एग्रीस्टैक बैकेटिंग एवं नजूल पट्टाधृति अधिनियम-2023 का दिया गया प्रशिक्षण



जिले के राजस्व अधिकारियों को आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालय रायपुर के प्रशिक्षकों द्वारा एग्रीस्टैक बैकेटिंग के संबंध में वर्चुअल प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में जिले के राजस्व अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं एनआईसी कक्ष में नजूल पट्टाधृति अधिनियम-2023 के संबंध में भी विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के शत-प्रतिशत पात्र किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का त्वरित एवं पारदर्शी लाभ दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर किसानों को एग्रीस्टैक पंजीयन के प्रति जागरूक किया जाए। आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालय रायपुर के प्रशिक्षकों ने बताया कि एग्रीस्टैक भारत सरकार द्वारा विकसित कृषि क्षेत्र का एक डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक किसान को एक विशिष्ट किसान आईडी प्रदान की जाती है। यह आईडी किसान के आधार, बैंक खाते तथा भूमि अभिलेखों को एकीकृत करती है, जिससे किसानों की पहचान और भूमि संबंधी जानकारी का डिजिटल सत्यापन संभव हो पाता है।

प्रशिक्षकों ने बताया कि एग्रीस्टैक आईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, खाद एवं बीज पर मिलने वाली सब्सिडी जैसी विभिन्न शासकीय योजनाओं की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जा सकती है। साथ ही किसानों को बार-बार खसरा-खतौनी जैसे दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं रहती, क्योंकि समस्त जानकारी डिजिटल रूप में उपलब्ध रहती है। इससे बैंकों को भी किसानों की भूमि एवं फसल संबंधी जानकारी आसानी से उपलब्ध होती है, जिससे किसान क्रेडिट कार्ड एवं कृषि ऋण की प्रक्रिया सरल और तेज होती है। प्रशिक्षकों ने किसानों से अपने खेत एवं पहचान का एग्रीस्टैक पंजीयन निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से कराने की अपील की।

## सहकारिता से समृद्धि विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के स्थापना के 05 वर्ष पूर्ण होने पर 29 जून से 06 जुलाई तक देशभर में सहकारी सप्ताह मनाया गया। इसके अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला सहकारी संघ महासमुंद द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में सहकारिता पर निबंध रखा गया। इसके अंतर्गत निबंध का प्रमुख विषय सहकार से समृध्दि सहकारिता पर चित्रकला, सहकारिता पर प्रश्नोत्तरी प्रतिभागी छात्र/छात्राओं द्वारा बनाया।

उक्त विषयों पर कुल 100 अंक रखा गया। भोरिंग, देवरी, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय बसना, श्याम बालाजी उमावि महासमुन्द, स्वामी आत्मानंद शाउमाशा तुमाडबरी, शाउमाशा तुमगांव, मां गायत्री उमाशा नयापारा महासमुंद, शाउमाशा बेमचा, कौशल विकास केंन्द्र महासमुन्द कुल 09 स्थानों पर निबंध प्रतियोगिता रखा गया। उक्त स्कूलों में कुल 1564 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभागी रूप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रथम, द्वितीय,और तृतीय स्थान अर्जित करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर जिला सहकारी संघ मर्या. महासमुंद द्वारा सम्मानित किया। बच्चों ने कार्यक्रम के प्रति उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए विशेष रूचि दिखाई। हाईस्कूलों के प्राचार्यों, व्याख्याताओं, शिक्षकगणों से भरपूर सहयोग मिला।

कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी द्वारिका नाथ क्रांत उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं रहे, जिनके निर्देशन में पूरे जिले का कार्य किया गया। सम्पूर्ण कार्य जिला सहकारी संघ मर्या. के एसआर बंजारे जिला प्रचार प्रसार अधिकारी और हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यो के मार्गदर्शन में हुआ। विभाग द्वारा कुल 1500 का लक्ष्य मिला था, जिसमें लक्ष्य से अधिक अर्थात 1564 पूर्ण किया गया। इस संस्था के प्रबंधक जीएल कौशिक, केएल नायक, लेखापाल और स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

## जिले में सरकारी अस्पतालों की स्थिति बदतर, समय पर इलाज नहीं, मरीज हो रहे हैं परेशानः संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिले के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। मरीजों को डॉक्टरों की कमी, आवश्यक दवाइयों का अभाव और जांच सुविधाओं में देरी जैसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने बताया कि महासमुंद जिले में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अनेक उप-स्वास्थ्य केंद्रों है, लेकिन यहां डाक्टरों का पर्याप्त स्टाफ नहीं है। दवाइयों का अभाव और लैब की जांच में ज्यादा देरी के कारण मरीज बहुत परेशान हो रहे हैं। यहां सुविधाओं और सेवाओं में कमी को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। सरकारी अस्पतालों में आने वाले ग्रामीण मरीज बेहतर उपचार की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, लेकिन यहां इलाज में देरी और अव्यवस्था के चलते उन्हें निजी अस्पतालों का रुख करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। आप नेताओं ने प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि अस्पतालों में डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पद शीघ्र भरे जाएं, आवश्यक दवाइयों और जांच सुविधाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, साफ-सफाई एवं पेयजल जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए तथा मरीजों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। यदि जिले में सरकार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को ठीक नहीं करती है तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी।

## सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत उपस्वास्थ्य केंद्र किसड़ी में बंद हैंडपंप की हुई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- ग्राम कुर्मीपाली में नलकूप खनन कर पेयजल का किया स्थायी समाधान

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत प्राप्त जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए ग्राम किसड़ी के उपस्वास्थ्य केंद्र में बंद पड़े हैंडपंप की मरम्मत कर उसे पुनः चालू कर दिया गया है। वहीं ग्राम कुर्मीपाली के बाजरपारा में नलकूप खनन का कार्य सफलापूर्वक किया गया है।

सरायपाली के ग्राम किसड़ी निवासी यशपाल पटेल ने आवेदक क्रमांक 26144597500087 के माध्यम से ग्राम किसड़ी के उपस्वास्थ्य केंद्र में बंद पड़े हैंडपंप की मरम्मत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन प्राप्त होते ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई। विभाग के तकनीकी दल द्वारा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य किया गया तथा 30 मई 2026 को हैंडपंप की मरम्मत पूर्ण कर उसे पुनः सुचारू रूप से चालू कर दिया गया। इससे मरीजों, स्वास्थ्य कर्मियों और ग्रामीणों को पुनः स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो गई है। मांग के सफल निराकरण के पश्चात आवेदक यशपाल पटेल को इसकी सूचना भी प्रदान कर दी गई। ग्रामीणों ने त्वरित कार्रवाई के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी तरह ग्राम कुर्मीपाली के निवासी उपेन्द्र बारिया ने आवेदन क्रमांक 2614460380 0008 के माध्यम से ग्राम कुर्मीपाली के बाजारपारा में बोर खनन कराने का अनुरोध किया था। आवेदन प्राप्त होने के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बिना विलंब आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की और स्थल का तकनीकी परीक्षण कराया। जांच के उपरांत 2 जून 2026 को रिंग मशीन के माध्यम से 120 मीटर गहराई तक नलकूप खनन का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। नलकूप खनन पूर्ण होने से बाजारपारा के निवासियों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इससे पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। कार्रवाई के लिए उन्होंने शासन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शिक्षक ही ऑनलाइन हाजिर! नाराज डीपीआई ने कहा- आदेश सभी के लिए, उपस्थिति ऐप पर ही मान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के स्कूलों में एक जुलाई से लागू उपस्थिति संबंधित नए नियम के बाद डीपीआई ने अपनी नराजगी जाहिर की है। नए नियम के अनुसार स्कूलों में वीएसके ऐप के माध्यम से उपस्थिति अनिवार्य है, लेकिन केवल शिक्षक ही इसका उपयोग कर रहे हैं। गैर-शैक्षणिक कर्मचारी अभी भी पंजीयक में ही हस्ताक्षर कर रहे हैं।

अपने आदेश में डीपीआई ने कहा है, विभागांतर्गत संचालित शासकीय शालाओं में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को आनलाइन उपस्थिति के लिए वीएसके ऐप का उपयोग करने निर्देशित किया गया है। जुलाई के प्रथम सप्ताह तक रिपोर्ट के अवलोकन से ज्ञात हुआ है कि गैर शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा उपरोक्त एप के माध्यम से आनलाइन उपस्थिति नगण्य है। डीपीआई ने शिक्षा संभाग के सभी संयुक्त संचालकों तथा जिला शिक्षा अधिकारियों को अधीनस्थ समस्त शालाओं में कार्यरत गैर शैक्षणिक कर्मचारियों का पंजीयन एप में कराते हुए, उनकी उपस्थिति इसके माध्यम से सुनिश्चित करने कहा गया है।

जून माह के दूसरे पखवाड़े में शिक्षा मंत्री गजेंद्र सिंह ने विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की थी। बैठक में ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर कड़े निर्देश दिए गए थे। सभी के लिए ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य की गई थी। ना केवल उपस्थिति बल्कि अवकाश के लिए आवेदन भी अब ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

### विलंब से पहुंचने की शिकायत

पंजीयक के जरिए उपस्थिति दर्ज कराए जाने की स्थिति में रियल टाइम मॉनिटरिंग नहीं हो पाती है। शिक्षक तथा अन्य कर्मचारियों के विलंब से पहुंचने संबंधित शिकायत के कारण बायोमैट्रिक्स अटेंडेंस को अनिवार्य किया गया है। राजधानी में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है। किंतु दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षकों के अनुपस्थित रहने और शाला के शिक्षकव विहीन रहने जैसे घटनाएं कई बार आ चुकी हैं।

## ई-20 पेट्रोल आम जनता पर थोपना बंद करे केंद्र सरकार, शुद्ध पेट्रोल का विकल्प दें: रश्मि



**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने देशभर में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण (ई-20) को अनिवार्य रूप से लागू किए जाने पर केंद्र सरकार की नीति पर गंभीर आपत्ति जताई है। डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि ई-20 नीति करोड़ों वाहन मालिकों पर बिना पर्याप्त तैयारी और विकल्प दिए लागू की जा रही है, जिससे आम नागरिक आर्थिक और तकनीकी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश मध्यमवर्गीय परिवार वर्षों की मेहनत, बैंक ऋण या किस्तों पर दोपहिया और चारपहिया वाहन खरीदते हैं। ऐसे में यदि सरकारी नीति के कारण वाहनों की कार्यक्षमता प्रभावित हो, माइलेज घटे और मरम्मत का खर्च बढ़े, तो इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में आज भी बड़ी संख्या में ऐसे वाहन चल रहे हैं जो ई-20 ईंधन के अनुरूप निर्मित नहीं हैं। ऐसे वाहनों में एथनॉल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग से फ्यूल पंप, फ्यूल लाइन, इंजेक्टर, रबर सील, पाइप और इंजन के अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। एथनॉल नमी को आकर्षित करने वाला ईंधन है, जिससे ईंधन प्रणाली में जंग लगने, इंजन के पुर्जों के जल्दी घिसने तथा वाहन की कार्यक्षमता प्रभावित होने की आशंका बढ़ जाती है। यदि सरकार इस नीति को लागू करना चाहती थी, तो पहले पुराने वाहनों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश, सुरक्षा उपाय और पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए था।

## शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष पद पर राजेंद्र के मनोनयन से मरार समाज में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा



छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा मरार (पटेल) समाज के राजेंद्र नायक को छग शासन के शाकंभरी बोर्ड का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर समाज में हर्ष की लहर है। इस ऐतिहासिक निर्णय को लेकर समाज के विभिन्न संगठनों और प्रबुद्ध जनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। इस नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री ने राजेंद्र नायक को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए चुनकर मरार समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता और विश्वास को प्रदर्शित किया है। इस नियुक्ति से न केवल समाज का गौरव बढ़ा है, बल्कि पारंपरिक रूप से सब्जी-भाजी और बागवानी की खेती से जुड़े इस मेहनतकश वर्ग को आगे बढ़ने के नए अवसर मिलेगा। शाकंभरी बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र नायक ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व और मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और सब्जी उत्पादक किसानों को सशक्त बनाना ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस नियुक्ति पर मरार पटेल समाज के जिलाध्यक्ष पवन पटेल, रमेश पटेल, तुकाराम पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, दिनेश पटेल, रामशरण पटेल, गैंदलाल पटेल, लोकेश पटेल, घनश्याम पटेल, भेखलाल पटेल, थानेश्वर पटेल, डॉ ईश्वरी पटेल, प्रेम पटेल, सोहन पटेल, प्रहलाद पटेल, मालिक राम पटेल, कृष्ण कुमार पटेल समेत समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के प्रति आभार जताया है।

## बंद अकाउंट का चेक देकर किसानों की कृषि भूमि अपने नाम कराई

**रायपुर।** गोबरा नवापारा के किसानों की रायपुर के जमीन दलालों ने बंद अकाउंट का चेक देकर कृषि भूमि अपने नाम करा ली है। किसान पुलिस कमिश्नर तथा ग्रामीण एसपी के पास ज्ञापन सौंप कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायत के अनुसार आवेदक किसान देवनाथ कंसारी और अन्य की भूमि का सौदा लगभग 11.10 करोड़ में तय किया गया था। जमीन दलाल ने किसानों को विश्वास में लेकर विभिन्न बैठकों के माध्यम से सौदा कराया तथा बयाना राशि के रूप में 1-1 लाख रुपए के पांच चेक दिए। बाद में यह जानकारी सामने आई कि उक्त चेक किसी अन्य के खाते से जारी किए गए थे। शिकायत में किसानों ने आरोप लगाया गया है कि किसानों को यह विश्वास दिलाया गया कि उनके पक्ष में करोड़ों रुपए का भुगतान किया जाएगा, किंतु कथित रूप से बंद बैंक खाते के करोड़ों का चेक देकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करा लिए गए।

## बारिश के बाद फिर रफ्तार पकड़ रहा अविरल सितली, निर्मल सितली अभियान, पुल निर्माण व समतलीकरण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वाध्याय केंद्र महासमुंद द्वारा समाजसेवी स्वर्गीय अशोक चौरडिया की स्मृति में संचालित अविरल सितली, निर्मल सितली अभियान के अंतर्गत सितली नाला के सौंदर्यीकरण का कार्य पुनः गति पकड़ने लगा है। लगातार हुई बारिश के कारण कुछ दिनों तक कार्य प्रभावित रहा, लेकिन मौसम साफ होते ही नाले के समतलीकरण एवं पुल निर्माण का कार्य फिर से प्रारंभ कर दिया गया है।

अभियान के माध्यम से सितली नाला को स्वच्छ, सुंदर और जनोपयोगी स्वरूप देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता का संदेश भी दिया जा रहा है। अभियान में शहर के विभिन्न वर्गों के लोग लगातार सहभागिता निभा रहे हैं। समिति के सदस्य एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि यह केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि शहर के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सामाजिक सहभागिता का महाभियान है। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस पुनीत अभियान से जुड़ें और तन, मन एवं धन से सहयोग देकर इसे जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करें। स्वाध्याय केंद्र एवं अभियान समिति ने विश्वास व्यक्त किया है कि नागरिकों के सहयोग से सितली नाला का सौंदर्यीकरण महासमुंद के लिए एक प्रेरणादायी मॉडल बनेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण की अमूल्य सौगात मिलेगी।

## शांत्रीबाई महाविद्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ जागरुकता कार्यक्रम




**महासमुंद।** जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में शांत्रीबाई कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के अंतर्गत तंबाकू निषेध जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता तिकेश्वरी गिरी गोस्वामी (काउंसलर) ने तंबाकू एवं धूम्रपान से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू का सेवन मुख, गले एवं फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक तथा अनेक गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। उन्होंने विद्यार्थियों से तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मेघारानी ताम्रकार (नर्स) एवं जागृति साहू (नर्स) ने भी विद्यार्थियों को तंबाकू नियंत्रण संबंधी कानूनों, तंबाकू छोड़ने के उपायों तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच तंबाकू मुक्त भारत विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने तंबाकू के दुष्प्रभावों एवं नशामुक्त जीवन के संदेश को आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम भूमिका दुबे, द्वितीय लिप्सा एवं तृतीय आंचल गोस्वामी रही। वहीं हिमांशी चंद्राकर एवं विकास दीप को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी में जागरुकता ही तंबाकू मुक्त भारत की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से स्वयं तंबाकू का सेवन न करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों को तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण, जिला स्वास्थ्य समिति के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन तंबाकू मुक्त परिसर एवं तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# वेडनर मेमोरियल स्कूल में हुआ छात्र परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र संघ का गठन किया गया। शाला के मैनेजर रेव्ह. फादर जार्ज कवालम एवं शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर थैनीस राज की मौजूदगी में सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। छात्र संघ गठन के तहत सर्वप्रथम शाला नायक एवं उपशाला नायिका का चयन किया गया।

शाला नायक सिद्ध दीवान एवं शाला नायिका होमी यादव, उपशाला नायक लवेश चांडक एवं उपशाला नायिका श्रेया हंसपाल को पदाधिकारी बनने का गौरव प्राप्त हुआ। इसके पश्चात चारों हाउस ब्लू, ग्रीन, रेड, येलो के कप्तान तथा उप कप्तान भी चुने गए, जिनमें ब्लू हाउस कप्तानः पार्थ चंद्राकर, अवन्या यादव, उप कप्तानः जितिन कश्यप, साइना तिर्की, जूनियर बालक वर्ग से कप्तान : जयजीत बोडरा और बालिका वर्ग से वान्या चंद्राकर, ग्रीनहाउस कप्तानः काव्यांश जैन, पारुल महानंद, उप कप्तानः वासु कुकरेजा, पवार, जूनियर बालक वर्ग से रौनक पांडे एवं बालिका वर्ग से मिसबा खान, रेड हाउस कप्तान : आयुष शर्मा, रिद्धिमा साहू, उप कप्तानः साहिल बेनर्जी, खुशी चंद्राकर, जूनियर बालक वर्ग से अभय बंसल एवं बालिका वर्ग से खनक ध्रुव, येलो हाउस से कप्तानः मो. सैफ अली, वंशिका इदवानी उप कप्तानः मो. अवेश अली, हरगुन कौर, जूनियर बालक वर्ग से चैतन्य चंद्राकर एवं



बालिका वर्ग से मौली गंडेचा चयनित किए गए। किसी भी क्षेत्र में अनुशासन के साथ-साथ योग्य नेतृत्व कर्ता का होना अति आवश्यक है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए खेल प्रभारी राजीव यादव एवं संजना कुमारी, सांस्कृतिक प्रभारी पार्थ शर्मा, संजना सिंग, शुभम रात्रे, लाइनी एंथोनी मनोनीत किए गए। अनुशासन प्रभारी मनु महादिक, कृष्णा जगत, हिमांशु पटेल, आदित्य चौहान, किरण चौधरी, सोनल राठी, मोक्षा भंसाली, संचिता पवार व ट्रैफिक वार्डन आयुष अग्रवाल, हिमांशु बघेल, भव्य मेहता, अमनजोत सिंग अरोरा, स्नेहा सिंहा, सौम्या देवांगन, युक्ता दीवान, विभा साहू चुने गए। इसी क्रम में शिक्षकों में हाउस मास्टर एवं हाउस मिस्ट्रेस भी चुने गए। जिसमें ब्लू हाउस मास्टर विनय कुमार गुप्ता, मिस्ट्रेस मिताली जैन, ग्रीन हाउस मास्टर लालेश्वर साहू, मिस्ट्रेस हुमैरा जबीन, रेड हाउस मास्टर भैया लाल वास, मिस्ट्रेस शबनम जेहरा नकवी, येलो हाउस मास्टर कल्पेश जोशी, मिस्ट्रेस अर्चना साहू चुने गए। पदाधिकारियों के चयन पर शाला के मैनेजर एवं प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताया।

**खबर संक्षेप**

### तीजन बाई को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने तीजन बाई पंडवानी गायिका को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि तीजन बाई ने 1988 में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री और 2003 में कला के क्षेत्र में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उन्हें 1995 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार तथा 2007 में नृत्य शिरोमणि से भी सम्मानित किया गया है।

### बेमचा स्कूल में हुए विविध आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) के मेरा युवा भारत (माय भारत) और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर विविध कार्यक्रम हुए। यह कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू के निर्देशन और मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेमचा सरपंच गुमान सिंह यादव रहे। वहीं मंच पर सुनीता काहर (उपसरपंच), सोहन लाल पाटकर (प्राचार्य), डॉ. सेवन दास माणिकपुरी), अशोक चक्रधारी (मेरा युवा भारत) मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। प्राचार्य पाटकर ने मुखर्जी के जीवन और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान के बारे में युवाओं को विस्तार से जानकारी दी। मेरा युवा भारत से अशोक चक्रधारी ने युवाओं को माय भारत पोर्टल की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। युवाओं और बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए निबंध प्रतियोगिता एवं क्विज (प्रश्नोत्तरी) प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम दिव्या यादव, द्वितीय डिंपल विश्वकर्मा, तृतीय लीना चंद्राकर तथा क्विज प्रतियोगिता में प्रथम यामनी यादव, द्वितीय शिवम ध्रुव, तृतीय नेदन सिन्हा परमार रहे। सभी विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और उपहार देकर विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान महेश्वरी साहू, सुमन भारती, संगीता चंद्राकर, पूर्णिमा सिन्हा, तरुण, मनीष साहू आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप हैदराबाद में महासमुंद के 6 खिलाड़ी शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

इंडियन रग्बी एवं तेलंगाना रग्बी एसोसिएशन द्वारा जूनियर नेशनल रग्बी सेवंस अंडर 18 वर्ष बालक एवं बालिका चैंपियनशिप 2026 का आयोजन गाजीबोवली स्टेडियम हैदराबाद में 6 जुलाई से 11 जुलाई 2026 तक आयोजित किया गया हैं। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की बालक एवं बालिका टीम शामिल होने हैदराबाद रवाना हुई।

महासमुंद जिले के बेलसोंडा एवं पब्लिक स्कूल तुमगांव के 06 खिलाड़ी राष्ट्रीय चैंपियनशिप हैदराबाद में शामिल हैं। जिले के प्रतिभाशाली रग्बी खिलाड़ियों का राष्ट्रीय चैंपियनशिप हैदराबाद के लिए चयन होने पर जिले में खुशी की लहर है। इन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर महासमुंद का गौरव बढ़ाया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा से सभी बालिका खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय चैंपियनशिप हैदराबाद के लिए हुआ हैं। शिवानी बघेल पिता दीपक बघेल ने इससे पूर्व अंडर-19 एसजीएफआई नई दिल्ली तथा अंडर-15 राष्ट्रीय प्रतियोगिता अजमेर में जिले का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। जिया परवीन पिता अब्दुल मजीद खान ने इससे पूर्व अंडर-15 राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता, कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर (ओडिशा) में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी हैं। नंदनी निषाद पिता दिलीप निषाद ने इससे पूर्व अंडर-15 राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता, कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर (ओडिशा) में जिले का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। पब्लिक स्कूल तुमगांव से सभी बालक खिलाड़ी का चयन हुआ हैं। जिसमें अजय प्रकाश साहू पिता ओम प्रकाश साहू ने अब तक कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने अंडर-17 रग्बी, पटना (बिहार), अंडर-15 रग्बी, ग्वालियर (मध्य प्रदेश), अंडर-17 रग्बी, भुवनेश्वर (ओडिशा), राष्ट्रीय एथलेटिक्स, अहमदाबाद (गुजरात) तथा राष्ट्रीय एथलेटिक्स, पटना (बिहार) में भाग लेकर जिले का नाम रोशन किया है। भावेश तारक पिता नारायण तारक ने राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता, नई दिल्ली में भागीदारी किया है। कुणाल जांगड़े पिता अजय जांगड़े ने इससे पूर्व राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके है। खिलाड़ियों की उपलब्धि के पीछे प्रशिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई का विशेष योगदान रहा है। खिलाड़ियों के चयन होने पर छत्तीसगढ़ रग्बी एसोसिएशन सचिव डॉ. अयाज़ अहमद, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग, इंद्राणी भास्कर व्यायाम शिक्षक बेलसोंडा, जगदीश धीवर, अभिषेक नेहरू, लिशांसु साहू, आयुष निर्मलकर, सेवन साहू, ममता धीवर, गीतांजलि साहू, टीम मैनेजर शुभांश शर्मा ने हर्ष जताया है।

# महासमुंद में हुई विहिप राजिम विभाग की विभागीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



विश्व हिंदू परिषद राजिम विभाग की विभागीय बैठक जिला कार्यालय विश्व हिंदू परिषद महासमुंद में हुई। बैठक में राजिम विभाग अंतर्गत गरियाबंद, महासमुंद एवं धमतरी जिलों के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारंभ प्रांत मंत्री पूर्णेंद्र सिन्हा, प्रांत सहमंत्री नंदूराम साहू, प्रांत सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा तथा प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख अखिलेश लूनिया द्वारा भारत माता एवं राम-जानकी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात ब्रह्मनाद, एकात्मता मंत्र एवं विजय महामंत्र के साथ बैठक का विधिवत प्रारंभ हुआ।

अतिथियों का परिचय एवं बैठक का संचालन विभाग मंत्री सौरभ अग्रवाल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत मंत्री पुर्णेंद्र सिन्हा ने संगठन को प्रखंड, खंड एवं ग्राम स्तर तक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। उन्होंने समिति गठन, सत्संग, सेवा एवं समाज परिवर्तन के विभिन्न आयामों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन विस्तार के लिए सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया। प्रांत सहमंत्री नंदूराम साहू ने विश्व हिंदू परिषद के विभिन्न आयामों एवं कार्यपद्धति की विस्तार से जानकारी देते हुए योजनाबद्ध ढंग से कार्य करने का आग्रह किया। प्रांत सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा ने नियमित सत्संग तथा साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक जागरण एवं संगठनात्मक सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख अखिलेश लूनिया ने वर्ष 2026 में प्रस्तावित भारत की जनगणना के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए समाज की सहभागिता एवं जागरुकता की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के समापन अवसर पर सेवा सप्ताह के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया। बैठक में प्रांत धर्म प्रसार सदस्य देवेंद्र दुबे, दानेश्वर सिन्हा, महासमुंद जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष विद्या पटेल, बिपिन बिहारी महंती, जिला मंत्री बसंत देवता, जिला उपाध्यक्ष लोकेश दावरा, जिला सह संयोजक अभिषेक दास, जिला सह संयोजिका ललिता सिदार, गरियाबंद जिला अध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर, जिला संगठन मंत्री वेदराम नंदे, जिला सहमंत्री विकास उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष लोकेश वर्मा, सुमित साहू सहित गरियाबंद, महासमुंद एवं धमतरी जिलों के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षा के अधिकार अधिनियम की उड़ रही धज्जियां, दो निजी स्कूलों पर पालकों से अवैध वसूली का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलप

जिले के झलप क्षेत्र में स्थित कार्मेल इंग्लिश मीडियम स्कूल छिंदौली तथा सेंट थॉमस मिशन स्कूल झलप पर शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत अध्ययनरत बच्चों के पालकों से कॉपी, किताब और गणवेश के नाम पर राशि वसूलने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। पालकों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उनसे बाकायदा रसीद देकर पैसे लिए जा रहे हैं, जबकि अधिनियम के तहत अध्ययनरत बच्चों पर इस प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं डाला जा सकता।

पालकों का आरोप है कि सेंट थॉमस मिशन स्कूल, जिसे छत्तीसगढ़ बोर्ड की मान्यता प्राप्त है, वहां शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली पुस्तकों के बावजूद अभिभावकों को एससीईआरटी की किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इसके अलावा

■ **अभिभावक एससीईआरटी की किताबें खरीदने के लिए विवश**

अन्य बच्चों के पालकों को भी बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि इस मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों तक पहुंचने के बाद भी कार्रवाई केवल जांच तक सीमित रही। पालकों का कहना है कि न तो अवैध वसूली रुकी और न ही दोषियों के खिलाफ कोई प्रभावी कदम उठाया गया। आरोप है कि आज भी आरटीई के तहत अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों को किताबें और गणवेश अपने खर्च पर खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों की मानें तो कतिपय ये आरोप सही हैं तो यह केवल शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन नहीं, बल्कि गरीब और वंचित परिवारों के अधिकारों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और राज्य सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी संस्थाओं और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# युवाओं को अधिक से अधिक पंजीयन कराने पर जोर, 15 तक विशेष अभियान चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



मेरा युवा भारत (माय भारत) अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में माय भारत के उद्देश्यों के अनुरूप जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करना, युवाओं की सहभागिता को बढ़ावा देना तथा माय भारत कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना तैयार करना था।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि माय भारत पोर्टल के माध्यम से युवाओं को जोड़ने के लिए विशेष मुहिम चलाई जाए। इसके लिए आवश्यक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि माय भारत की राष्ट्र निर्माण में युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने का व्यापक एवं बहुआयामी प्रयास है। इस कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में युवाओं की रचनात्मक भागीदारी बढ़ेगी तथा विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य को जिला स्तर पर साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

बैठक में जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू ने बताया कि पंजीयन के लिए 15 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें 15 से 29 वर्ष आयु के युवा माय भारत पोर्टल के माध्यम से जुड़ सकते हैं।

बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि कार्ययोजना के अंतर्गत विकसित भारत पद यात्रा, यूथ क्लब विकास अभियान, नशामुक्त भारत, सुशासन दिवस पर कार्यशाला, स्वस्थ युवा विकसित भारत खेल प्रतियोगिता, सक्रिय युवा क्लब को खेल सामग्री का वितरण, अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय के साथ-साथ विभिन्न विभागों में युवाओं को कार्यप्रणाली का अनुभव प्रदान किया जाएगा। बैठक में जिला सलाहकार समिति, जिला कौशल विकास, जनसम्पर्क विभाग, खेल एवं युवा कल्याण, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, स्काउट गाइड एवं रेडक्रास सोसायटी के सदस्य मौजूद थे।

**बिजनेस साइट**

# 2 घंटे में मिलेगी थायराइड की रिपोर्ट मां पैथोलॉजी में नई सुविधा का आग़ाज

**महासमुंद।** जिले के नागरिकों को अब उन्नत पैथोलॉजी सुविधा के लिए रायपुर नहीं जाना पड़ेगा। महासमुंद स्थित मां पैथोलॉजी सर्विसेज में एवरलाइफ सीपीसी कंपनी की थायराइड की अत्याधुनिक नई मशीन स्थापित की गई है। इस नई मशीन के माध्यम से मात्र 2 घंटे में थायराइड प्रोफाइल टी3, टी4, टीएसएच, विटामिन डी, विटामिन बी12 एवं अन्य हार्मोनल जांचें की जाएगी। कम समय में सभी ब्लड टेस्ट होने से मरीजों का समय बचेगा और सही समय पर इलाज शुरू हो सकेगा। इसके पहले इन जांचों के लिए मरीजों का ब्लड सैंपल रायपुर भेजा जाता था और रिपोर्ट दूसरे दिन प्राप्त होती थी। दूर-दराज गांव से आने वाले मरीजों को भी रिपोर्ट के लिए दूसरे दिन आना पड़ता था। अब यह स्थिति नहीं रहेगी और सभी रिपोर्ट 2 घंटे के भीतर मिल जाएंगी। मां पैथोलॉजी सर्विसेज प्रबंधन का उद्देश्य महासमुंद के लोगों को तेज, सटीक और भरोसेमंद जांच सुविधा उनके अपने शहर में उपलब्ध कराना है। मशीन के संचालन के लिए प्रशिक्षित तकनीशियन भी तैनात किए गए हैं।



**न्यायालय तहसीलदार महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.-/ अ-74 वर्ष 2025-26
ग्राम- भोरिंग, प.ह.न. 31
रा.नि.म.-तुमगांव तहसील व जिला-महासमुन्द

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी भोरिंग को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, आवेदक सत्यनारायण नामदेव पिता जगदीश राम नामदेव द्वारा अपने सीआरपीएफ में हवलदार पद पर रात में दूर दराज क्षेत्रों में सरकारी कार्य व व्यक्तिगत कार्यों से अकेले आने-जाने के दौरान व्यक्तिगत सुरक्षा, व सेवा में 25 वर्ष पूर्ण होने से सेवानिवृत्ति उपरांत गृह नगर के आस-पास के शहरों में सुरक्षा एजेंसियों एवं अन्य गार्ड जैसे सेवा में अपनी सेवा देते हुए परिवार के भरण-पोषण हेतु आत्मरक्षार्थ नये शास्त्र अनुज्ञप्ति हेतु आयुध नियम 2016 के नियम 11 के अधीन निर्धारित प्रारूप क्रं-1 में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी महोदय महासमुन्द के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। जो अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय महासमुन्द के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ मूलतः प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजर / दावा/आपत्ति पेश करना है तो वह नियत पेशीतिथि दिनांक 16/07/2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर नियत तिथि तक आपत्ति / दावा पेशकर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नही किया जायेंगा। आज दिनांक 09/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार महासमुंद**

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

क्रमांक /887 / तह./ वाचक/2026
बागबाहरा, दिनांक 06/07/2026
रा.मा.क्र....ब/121, वर्ष 2025-26
ग्राम सम्हर पहनं. 11 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम सम्हर प.ह.नं. 11 रा.नि.म. तेंदूकोना तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका टिकेश्वरी पति ठाकुरराम जाति मरार निवासी सम्हर तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्र देवेंद्र जाति मरार का जन्म दिनांक 16.05.2004 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नही होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 20/07/2026 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यग से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर — **तहसीलदार बागबाहरा**






